Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of multimodal transit hub in Thane.

राजन बाबूराव विचारे (ठाणे): मेरे लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ठाणे रेलवे स्टेशन में पूर्व की ओर मल्टीमॉडल ट्रांजिट हब के निर्माण की लागत 260 करोड़ रुपये है । इसमें 50 प्रतिशत राशि ठाणे स्मार्ट सिटी लिमिटेड, 25 प्रतिशत राशि राज्य सरकार और 25 प्रतिशत राशि ठाणे कॉर्पोरेशन खर्च करेगी ।

ठाणे रेलवे स्टेशन की पूर्व दिशा में 2.4 किलोमीटर लंबाई का उन्नत एलिवेटेड बस मार्ग, 18,000 स्कवेयर मीटर उन्नत बस डेक का निर्माण ठाणे स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है । उन्नत बस डेक के ऊपर मध्य रेलवे को भविष्य में 16,000 स्कवेयर मीटर की व्यवसायिक इमारत का निर्माण करने से फायदा मिलेगा । इस परियोजना में 110 कार और 130 टूव्हीलर वाहनों के पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी । इसके निर्माण से यातायात की भीड़ में कमी होगी और पैदल चलकर बस पकड़ने में भी आसानी होगी । इस परियोजना का 40 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और 39 प्रतिशत राशि भी मिल चुकी है । इस परियोजना को वर्ष 2022 तक पूरा करने का लक्ष्य है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि इस परियोजना के बचे हुए काम को समय से पूरा करें । इसके साथ ही परियोजना में आवास और शहरी विकास मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली ठाणे स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा मिलने वाली 50 प्रतिशत निधि जल्द से जल्द उपलब्ध कराने हेतु और परियोजना से संबंधित रुकावटों को जल्द से जल्द हल करने के लिए दिशा निर्देश देने की कृपा करें । धन्यवाद ।